हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

12 संदिग्धों को पकड़ने पहुंची पुलिस


14 राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई चालानी कार्रवाई




### 350 करोड़ खर्च कर बनाए गए 4 फ्लाईओवर नहीं रोक पाए ट्रैफिक का दबाव

# सिरसा गेट और खुर्सीपार में 80 करोड़ से बनेंगे दो नए फ्लाईओवर, तीन महीनों में शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

खास खबर

नेहरूनगर से कुम्हारी तक यानी 20 किलोमीटर के बीच नेशनल हाईवे पर 350 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए चार फ्लाई ओवर नाकाफी साबित गए हैं। गुजरने वाले वाहनों के दबाव और ट्रैफिक को नियंत्रित रखने में ये फ्लाई ओवर फेल हो गए हैं। इसे देखते हुए नेशनल हाईवे ने करीब 80 करोड़ रुपए खर्च कर दो और फ्लाई ओवर की स्वीकृति ली है। एक फ्लाई ओवर खुर्सीपार में बनाया जाएगा। वहीं दूसरा फ्लाई ओवर सिरसा चौक पर बनाया जाएगा, दोनों ही जगहों पर चौक हैं, जहां ट्रैफिक का जाम लगता है। इसे देखते हुए दोनों ही जगहों पर फ्लाईओवर की स्वीकृति ली गई है। बता दें कि इससे पहले चंद्रा-मौर्या, पॉवर हाउस, डबरापारा और कुम्हारी में चार फ्लाई ओवर तीन साल पहले ही बनकर तैयार हुए हैं। जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नए फ्लाई ओवर की मंजूरी ली गई है। शुक्रवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह के सामने एनएच के अधिकारियों ने इस आशय की जानकारी दी। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक इस विषय को रखा गया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी मौजूद थे।



#### दोनों फ्लाई ओवर की लंबाई औसतन 1000 मीटर

एनएच के अधिकारियों ने बताया कि दोनों फ्लाईओवर की लंबाई औसतन 1-1 हजार मीटर रहेगी। दोनों ब्रिज करीब 2.41 किमी के होंगे। 22 जनवरी को इसकी स्वीकृति मिली है। प्रोजेक्ट दो महीने पहले ही तैयार कर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को भेजा गया था। इन दोनों ब्रिज के बनने से सिरसा गेट और खुर्सीपार चौक में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। गुजरने वाले वाहन सीधे कुम्हारी तक पहुंच सकेंगे। वर्तमान में खुर्सीपार, भिलाई-तीन, चरोदा और कुम्हारी के कुछ क्षेत्र में एनएच बीच शहर से होकर गुजरी है। इस दौरान हर समय हादसे का खतरा बना रहता है, जिसके देखते हुए यह स्वीकृति ली गई है।

#### 350 करोड़ रुपए खर्च कर दो साल पहले बने फ्लाईओवर

चंद्रा-मौर्या टॉकीज के पास 130.10 करोड़ रुपए खर्च कर 1577 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया गया है। इसी प्रकार डबरापारा में 75.53 करोड़ रुपए खर्च कर 580 मीटर का फ्लाईओवर बनाया गया है। पॉवर हाउस में 95.60 करोड़ रुपए खर्च कर 1150 मीटर लंबाई का फ्लाईओवर बनाया गया है। वहीं कुम्हारी में 49.26 करोड़ रुपए खर्च कर 600 मीटर का फ्लाईओवर बनाया गया है। इतना ही नहीं नेशनल हाईवे का बाइपास भी तैयार किया जा रहा है, जो टेडेसरा से उतई, पाटन, अभनपुर के रास्ते आरंग के पास एनएच में मिलेगा। इस पर 2 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जा रही है। दिसंबर 2026 तक इसे भी शुरू किया जाना है।

#### दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए किए जाएंगे सुरक्षा उपाय



यातायात सुरक्षा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। एसएसपी ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि हाईवा वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुरूप रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। साथ ही सिविक क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध हेतु यूनिपोल लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई, जिसमें अधिकारियों ने पूर्ण कार्य, अद्यतन प्रगति एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी दी। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## दुर्ग रेंज के नए आईजी अभिषेक शांडिल्य ने संभाला पदभार



**भिलाई।** दुर्ग रेंज के नए आईजी अभिषेक शांडिल्य ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने नए आईजी अभिषेक शांडिल्य का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करते समय आईजी शांडिल्य ने मौजूद अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग को प्राथमिकता देने की बात कही है। बेहतर समन्वय, कार्यकुशलता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर एसएसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे।

## झाड़ फूंक कर बीमारी ठीक करने का झांसा देकर 13 लाख की ठगी करने वाले गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



- छावनी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, फरार की तलाश जारी

झाड़-फूंक और पूजा पाठ का झांसा देकर लाखों रुपए का रुपए का ठगी करने वाली वृद्ध महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र की है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि सिंधी कॉलोनी छावनी निवासी साइकिल दुकान संचालक संजय अठवानी के यहां कुछ दिन पहले दो अज्ञात साइकिल देखने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ने संजय का मोबाइल नंबर भी लिया। स्वयं का नाम राजू बताया था। संजय के मां की तबीयत खराब होने पर आरोपियों ने फोन कर पूछताछ की। आरोपियों ने दावा किया कि झाड़-फूंक, पूजा-पाठ से मां का उपचार हो जाएगा, महिला जल्दी ठीक हो जाएगी। इस बात से आरोपियों ने संजय का भरोसा जीत लिया। 16 जनवरी को आरोपियों ने संजय को फल मार्केट पावर हाउस बुलाया था। तब आरोपियों ने नारियल और 1100 रुपए लेकर मां के जल्द स्वस्थ होने का विश्वास दिलाया। पूजा के बाद आरोपियों ने संजय को भ्रमित किया कि उसकी मां पर बुरी छाया है। जिसे दूर करने सोने के आभूषण और नगदी को मंदिर में विशेष अनुष्ठान के लिए रखना होगा। फिर 20 जनवरी को संजय को रेलवे स्टेशन पावर हाउस के पास बुलाया गया। जहां आरोपियों ने उससे चार सोने के कंगन करीब 60 ग्राम, कीमत 5 लाख रुपए और 8 लाख रुपए नगद लिया। रकम और जेवरात लेकर आरोपी मौके से फरार हो गए। अपना मोबाइल भी स्वीच ऑफ कर दिया। इधर संजय ठगा महसूस कर छावनी पुलिस में शिकायत करने पहुंचा। पुलिस को सीसी कैमरे से मिला क्लू सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। पता चला कि श्रीरामपुर जिला चित्रकूट यूपी निवाली बाबूलाल, जिला हाथरस यूपी गीता राय को रायपुर सरोना स्थित किराए के मकान से दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 8 लाख रुपए नगद जब्त किया गया।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371



**खबर संक्षेप**

### गणतंत्र दिवस पर प्रतिभाशाली कलाकार देंगे प्रस्तुति

**भिलाई।** सिंधु भवन, सेक्टर 4 में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सिंधी ब्रादर मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक अध्यक्ष राकेश नागदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे सिंधु भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के साथ हमारी आन, शान और गौरव का प्रतीक तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात समाज के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें दिलीप खटवानी, अजय सचदेव, सुशील हरिरामानी, निशा अंबवानी सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे। यह कार्यक्रम समाज के संरक्षक एवं मार्गदर्शक के डी वाधवानी, जी डी जसवानी, एसी छबलानी, अशोक मूलचंदानी एवं सुरेश रत्नानी के आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रभारी उधवदास दावड़ा ने समाज के सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में राकेश नागदेव, मनोहर मलकानी, राजकुमार खटवानी, सुरेश नागदेव, नरेश माखीजानी, संतोष मेहरचंदानी, हरीश आर्य, संजय होतवानी, रमेश लालवानी, ठाकुर साधवानी आदि उपस्थित थे।

### भाव राग मंजरी आज

**दुर्ग।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय द्वारा वार्षिक उत्सव



भाव राग मंजरी का आयोजन 24 जनवरी को दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वीर नारायण सिंह सभागार, शासकीय वीवाईटी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में होगा। संगीत समारोह के मुख्य अतिथि संगीतज्ञ एवं न्यूरो सर्जन डॉ अजय नागराज रायपुर होंगे। चिकित्सा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ-साथ संगीत साधना में भी दक्ष डॉ नागराज इस अवसर पर मोहान वीणा वादन की प्रस्तुति देंगे। उनकी वादन शैली में रागात्मक गहराई और भावनात्मक अभिव्यक्ति का अद्भुत समन्वय श्रोताओं को एक विशेष संगीत अनुभव प्रदान करेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अजय सिंह, प्राचार्य, शासकीय वीवाईटी महाविद्यालय उपस्थित रहेंगे।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संभागायुक्त ने ली बैठक

# 14 फरवरी तक की जाएगी एसआईआर की सुनवाई व सत्यापन, 21 तक होगा कार्य

**बड़े पंचायत क्षेत्रों में अतिरिक्त ईआरओ अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष दुर्ग में संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सत्यनारायण राठौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 21 फरवरी 2026 तक संपादित किया जाएगा। संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर श्री राठौर ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें निर्वाचन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सुनवाई के दौरान मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है, जिसके पश्चात ईआरओ द्वारा अंतिम आदेश पारित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा दावा-आपत्ति के लिए निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण 24 फरवरी 2026 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में किया जाएगा।

बैठक में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, वैशाली नगर, भिलाई नगर, पाटन एवं अहिवारा के ईआरओ आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




### बिना सुनवाई के मतदाताओं का नहीं काटा जाएगा नाम

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि पूरी प्रक्रिया अत्यंत सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जा रही है तथा बिना सुनवाई के किसी भी मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्ड स्तर पर अधिक से अधिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा जहां बड़े पंचायत क्षेत्र हैं, वहां अतिरिक्त ईआरओ अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में वर्तमान में चल रही प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सभी शंकाओं का किया गया समाधान

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान से संबंधित विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अवगत कराया कि 6 पूर्ण तथा 2 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर जिले में कुल 1742 पोलिंग स्टेशन है जिनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र में 278 मतदान केंद्र, दुर्ग ग्रामीण में 263, दुर्ग शहर में 275, भिलाई नगर में 192, वैशाली नगर विधानसभा में 293, अहिवारा में 305, साजा आंशिक, विधानसभा क्षेत्र में 112, बेमेतरा आंशिक, में 24 मतदान केंद्र शामिल है। इसी प्रकार इन विधानसभाओं में 22 दिसंबर 2025 की स्थिति में कुल 1203444 मतदाता दर्ज है। जिनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र में 2,02,836 मतदाता, दुर्ग ग्रामीण में 1,89,738 मतदाता, दुर्ग शहर में 1,88,754, भिलाई नगर में 121047, वैशाली नगर विधानसभा में 200882, अहिवारा में 200891, साजा आंशिक विधानसभा क्षेत्र में 82515, बेमेतरा आंशिक में 16781 मतदाता दर्ज हैं।

## रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने विधायक ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा

- एमआईसी सदस्य पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

है। इसके साथ ही उन्होंने बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तथा रायपुर रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम को भी पत्र प्रेषित किया है।

विधायक यादव ने आगामी रेल बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर टिकट आरक्षण केंद्र और ई-लाइब्रेरी की स्थापना की मांग की है, ताकि यात्रियों एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस संबंध में सेक्टर-7 के पार्षद और महापौर परिषद के स्वच्छता विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने विधायक देवेंद्र यादव को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लाइन के किनारे स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का उपयोग भिलाई टाउनशिप, रिसाली, मरोदा, नेवई, उतई सहित दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ एवं अन्य महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा कर्मचारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में करते हैं। लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर टिकट आरक्षण केंद्र न होने के कारण यात्रियों को दुर्ग अथवा पावर हाउस स्टेशन जाना पड़ता है, जिससे उन्हें समय, धन एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है। साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए कर्मचारी भी रेल यात्रा के लिए इसी स्टेशन पर निर्भर हैं, जिन्हें आरक्षण सुविधा के अभाव में व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



### रेलवे स्टेशन में विद्यार्थियों के लिए ई-लाइब्रेरी की आवश्यकता

पार्षद और एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि भिलाई की पहचान प्रदेश व देश में शिक्षा नगरी के रूप में है। यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग संस्थाएं संचालित हैं, जहां बड़ी संख्या में युवा अध्ययनरत हैं। कई बार ट्रेनों के विलंब से छात्र-छात्राओं को लंबे समय तक प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। यदि रेलवे स्टेशन पर ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो जाती है, तो विद्यार्थी इस समय का सकारात्मक एवं शैक्षणिक उपयोग कर सकेंगे। विधायक देवेंद्र यादव ने इसे जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखकर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को सीधा लाभ मिल सके।

## शेड्यूल एम से 6,500 से अधिक फार्मा एमएसएमई के बंद होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सीसीडीए) ने केंद्र सरकार को आगाह किया है कि संशोधित शेड्यूल-एम(गुड मैन्यूफैक्चरिंग पैरक्टिसेस) के वर्तमान क्रियान्वयन से देशभर में 6,500 से अधिक फार्मा एमएसएमई इकाइयों के बंद होने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। दवा गुणवत्ता को अंतर्राष्ट्रीय मानकों तक ले जाने का उद्देश्य सराहनीय है, लेकिन नीति निर्माण में फार्मा एमएसएमई सेक्टर के जॉब वर्क (कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग) मॉडल, जिस पर लगभग 70 प्रतिशत छोटी इकाइयां निर्भर हैं, उसे पूरी तरह नजरअंदाज किया जाना गलत है। इस संबंध में सीसीडीए जनरल सेक्रेटरी अविनाश अग्रवाल ने कहा कि संशोधित शेड्यूल-एम के अनुपालन हेतु एमएसएमई इकाइयों को 30 से 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त पूंजी एवं परिचालन व्यय वहन करना पड़ रहा है, जबकि ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (डीपीसीओ) के अंतर्गत एनपीपीए द्वारा निर्धारित जॉब वर्क कन्वज़र्न दरें पिछले 12 वर्षों से लगभग अपरिवर्तित बनी हुई हैं। वर्ष 2013-14 से अब तक महंगाई 65-70 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है, वहीं बिजली, श्रम, कच्चे माल और अनुपालन लागत में भारी वृद्धि हुई है। श्री अग्रवाल ने कहा है कि उद्योग के आकलन के अनुसार, शेड्यूल-रू अनुपालन के लिए प्रति इकाई 10-15 करोड़ तक का निवेश आवश्यक है। इसके बावजूद अब तक केवल 21.53 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयों ने ही अपने अपग्रेडेशन प्लान प्रस्तुत किए हैं। मौजूदा परिस्थितियों में अनुमान है कि करीब 60 प्रतिशत इकाइयाँ वित्तीय रूप से अस्थिर होकर बंद होने को मजबूर हो सकती हैं। संगठन ने केन्द्र सरकार से डीपीसीओ के अंतर्गत जॉब वर्क कन्वज़र्न दरों का तत्काल पुनरीक्षण, संशोधित शेड्यूल-एम के अनुरूप एस्योरड प्राईसिंग मैकेनिज्म लागू करने और 2024-26 की वास्तविक लागत संरचना को दर निर्धारण में शामिल करने मांग की है।

### पुस्तकालय में सरस्वती पूजन का आयोजन

**दुर्ग।** बसंत पंचमी पर दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी मॉ सरस्वती का विधिवत पूजन कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके दत्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा डॉ. संजय शाक्य, अधिष्ठाता मात्सिकी महाविद्यालय, कवर्धा उपकुलसचिव डॉ.एम.के.गेंदले, पुस्तकालयाध्यक्ष जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसपी इंगोले, डॉ. केशब दास, डॉ. एसके तिवारी, डॉ. किशोर मुखर्जी सहित कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया। सभी ने मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ उनसे ज्ञानवृद्धि एवं सफलता की कामना की।

### भाजपा का जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के महत्वाकांक्षी योजना वीबी जी राम जी को लेकर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला और सम्मेलन 24 जनवरी को दोपहर 1 बजे से आयोजित है। बैठक में मुख्य वक्ता दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल होंगे। अन्य अतिथि के रूप में मंत्री गजेन्द्र यादव, यशवंत जैन, जितेंद्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, राकेश पाण्डेय, जितेन्द्र साहू, सरस्वती बंजारे, अलका बाघमार महापौर, प्रीतपाल बेलचंदन मौजूद रहेंगे।




## तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा... के जरिए आजादी का बिगुल फूंकने वाले नेताजी आज भी युवाओं के प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक और नेताजी के नाम से विख्यात सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कांग्रेस भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कांग्रेसजनों ने शहीद चौक पहुंचकर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन कर उनके बलिदान व योगदान को याद किया।

अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा का नारा केवल शब्द नहीं था, बल्कि करोड़ों भारतीयों के दिलों में आज़ादी की ज्वाला जगाने का संकल्प था। नेताजी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का



स्रोत है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के सामने झुकने के बजाय सशस्त्र संघर्ष का मार्ग चुना और आज़ाद हिंद फौज का गठन कर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। नेताजी का राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और संगठन शक्ति आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ़ अहमद, मनीष बघेल, देवश्री साहू, परमजीत भुईं, राजकुमार पाली, नंदकिशोर शर्मा, विजेंद्र भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।




## संदिग्धों को पकड़ने पहुंची पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर में बाहरी संदिग्ध किस्म के लोगों को तलाश करने टीम पहुंची

- ऑपरेशन सुरक्षा के तहत अवैध हथियार, नशे के सामान बाहरी संदिग्ध की तलाश

थी। इस दौरान दुर्ग पुलिस ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चलाकर भोर में वैशाली नगर क्षेत्र में पहुंची। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिले में शान्ति व्यवस्था कायम रखने निचली बस्तियों, अटल आवास, वाम्बे आवास में छिपकर रहने वाले संदिग्धों, अवैध हथियार, नशे की सामग्री रखने वालों की चेकिंग की गई। वैशाली नगर थाना क्षेत्रांतर्गत जवाहर नगर स्थित निचली बस्ती अटल आवास, वॉम्बे आवास के 90 मकानों में छिप कर रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध हथियार, नशे की सामग्री रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने 44 से अधिक अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। अभियान के तहत मकानों की तलाशी ली गई। निवास करने वाले लोगो के पहचान पत्रों की चेकिंग की गई। संदिग्ध पाए जाने वाले 18 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट प्राप्त कर सर्च स्लिप तैयार किया।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाई गई

**दुर्ग।** क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष स्कूल कैलाश नगर द्वारा प्रभात फेरी निकालकर शहीद चौक में सभा का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद, शहीद उधम सिंह के मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया। शिक्षक आत्माराम साहू ने क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन संघर्ष, आदर्श को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।



हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




## खबर संक्षेप

### सोलर प्लांट में हुई चोरी

**भिलाई।** सोलर प्लांट से चोरी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी में स्थापित सौर सामुदायिक सिंचाई परियोजना से अज्ञात ने सोलर प्लांट से कॉपर केबल पार कर दिया। घटना की शिकायत क्रेडा विभाग में मैकेनिक यादराम मरकाम ने पुलिस से की है। घटना 21 जनवरी की रात को हुई। सोलर पंप और कंट्रोल रूम में लगे कॉपर केबल काटकर फरार हो गए। जांच में पता चला कि चोर ने 100 मीटर 10 एमएम 3 कोर कॉपर केबल और करीब 50 मीटर 6 एमएम 1 कोर डीसी केबल पार किया है। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस की विवेचना जारी है।

### सोने के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोने के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदखुरी बस स्टैंड निवासी योगेश्वर साहू उर्फ योगिता 18 जनवरी को घर पर छट्ठी का कार्यक्रम था। गांव के व रिश्तेदार घर पर पहुंचे थे। महिला गले में सोने का रानी हार दो तोला व गुलबंद लगभग डेढ़ तोला का पहनी थी। छट्ठी कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी खाना खाकर सो गए। सोने के हार को रात को कमरे के आलमारी में ताला जड़कर रखा था। दो दिनों बाद अपने कान के सोने का झुमका को भी आलमारी में रखने के लिए उसे खोलने पर रानी हार व गुलबंद गायब मिली। खोजबीन करने पर जेवरात नहीं मिल पाया। जेवरात की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर सभी मामलों की तेज कर दी है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### कोरोनाकाल में स्थापित अधिकांश उपकरण हो रहे खराब, 96 जम्बो सिलेंडर जिनका नहीं हो रहा उपयोग

# शास्त्री अस्पताल में लगा 500 लीटर प्रति मिनट क्षमता वाला ऑक्सीजन प्लांट चार साल से बंद, प्राइवेट में कराई जा रही सिलेंडरों की रिफलिंग

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

खास खबर

कोरोनाकाल में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में लगाए गए 500 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट का संचालन बंद है। वार्डों में पाइपलाइन मौजूद है लेकिन उसमें ऑक्सीजन नहीं। इससे मरीजों की जान जोखिम में है। बाहर निजी संस्था से ऑक्सीजन सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है। ऑक्सीजन प्लांट बंद होने के कारण अस्पताल को बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडरों की लगातार रिफिलिंग करानी पड़ रही है। इससे शासन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में कोरोना महामारी के दौरान मरीजों की जान बचाने के लिए स्थापित किया गया ऑक्सीजन प्लांट आज खुद इलाज का मोहताज नजर आ रहा है। वर्ष 2022 में डीएमएफ फंड से लगाए गए 500 लीटर प्रति मिनट क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट का वर्तमान में संचालन पूरी तरह बंद है। नतीजा यह है कि अस्पताल को बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडरों की रिफिलिंग करानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार अस्पताल के सभी वार्डों में मरीजों के बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई के लिए पाइपलाइन तो बिछी हुई है, लेकिन इनमें ऑक्सीजन का प्रवाह नहीं हो रहा। जरूरत पड़ने पर मरीजों को सिलेंडर के सहारे ऑक्सीजन दी जाती है। यह व्यवस्था न सिर्फ अस्थायी है बल्कि गंभीर रूप से जोखिम भरी भी है। चिकित्सकीय जानकारों का कहना है कि सिलेंडर आधारित ऑक्सीजन सप्लाई में तकनीकी खराबी, दबाव कम होने या समय पर बदलाव न होने की स्थिति में मरीज की जान पर सीधा खतरा बन सकता है। जबकि अस्पताल में मौजूद ऑक्सीजन प्लांट चालू रहता तो निरंतर और सुरक्षित सप्लाई संभव थी।

### बंद ऑक्सीजन प्लांट के चलते हर साल अतिरिक्त खर्च



लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के बंद होने का असर अब सीधे शासन की जेब पर पड़ रहा है। अस्पताल में ऑक्सीजन की जरूरत सिलेंडरों के जरिए पूरी की जा रही है, जिसके लिए नियमित रूप से भुगतान किया जा रहा है। इन सभी ऑक्सीजन सिलेंडरों की रिफिलिंग छावनी भिलाई स्थित अतुल गैस एजेंसी से कराई जा रही है। सूत्रों के अनुसार एक मिनी सिलेंडर की रिफिलिंग पर 150 रुपए और एक जम्बो सिलेंडर की रिफिलिंग पर 250 रुपए का भुगतान किया जाता है। इस हिसाब से 4 जम्बो सिलेंडर और 7 मिनी सिलेंडरों की एक बार की रिफिलिंग पर कुल 2050 रुपए खर्च हो रहे हैं। औसतन एक महीने में यह राशि खर्च होती है। यदि पूरे साल का हिसाब लगाया जाए तो यह राशि करीब 25 हजार रुपए तक पहुंच जाती है। चिंता की बात यह है कि यह पूरा खर्च उस स्थिति में किया जा रहा है, जब अस्पताल परिसर में पहले से 500 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट मौजूद है। अगर यह प्लांट चालू होता तो न केवल ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होती, बल्कि हर साल होने वाला यह अतिरिक्त खर्च भी बचाया जा सकता था।



### चार जम्बो और सात मिनी सिलेंडरों से चल रहा काम

अस्पताल में वर्तमान में करीब 100 जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर और 7 छोटे यानी मिनी सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें से मेल कैजुअल्टी वार्ड, फीमेल वार्ड, लेबर वार्ड और सिजेरियन वार्ड में एक-एक जम्बो सिलेंडर रखा गया है। इस तरह चार जम्बो सिलेंडर वार्डों में उपयोग में लिए जा रहे हैं। वहीं 7 मिनी सिलेंडर एम्बुलेंस और इमरजेंसी सेवाओं के लिए आरक्षित हैं। जब वार्डों में जम्बो सिलेंडर में ऑक्सीजन समाप्त हो जाता है तो इन्हीं मिनी सिलेंडर का उपयोग इमरजेंसी के तौर पर किया जाता है। 96 जम्बो सिलेंडर धूल खा रहे हैं।

### सीधी बात — डॉ. पीयाम सिंह, प्रभारी शास्त्री अस्पताल सुपेला

### आपात स्थिति के लिए तैयार है ऑक्सीजन प्लांट, अभी जरूरत नहीं

▪ ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह से बंद पड़ा है क्यों ?

▪▪ *ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह रनिंग कंडिशन में है। स्टैंडबाय मोड में है।*

▪ हमारे पास खुद का प्लांट होने के बाद भी हम बाहर से सिलेंडर खरीद रहे हैं ?

▪▪ *जिस दिन अस्पताल में ऑक्सीजन की मांग अधिक होगी, उस दिन ऑक्सीजन प्लांट को तत्काल चालू कर दिया जाएगा।*

▪ भिलाई का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, फिर क्यों उपयोग नहीं लाया जा रहा ?

▪▪ *किसी भी आपात स्थिति में जब 100 बेड भर जाएंगे, तब ऑक्सीजन प्लांट के माध्यम से सभी वार्डों में पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाएगी।*

*नोट : सवाल ▪ जवाब ▪▪*

## ट्रैफिक पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 40 मिनट में मरीज को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा के तहत 67 वर्षीय महिला को हार्ट अटैक आने पर ट्रैफिक पुलिस ने 40 मिनट में रायपुर अस्पताल पहुंचाया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वृद्ध को ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। मानव सेवा एवं आपातकालीन प्रबंधन का उदाहरण पेश करते हुए गंभीर रूप से बीमार मरीज रिसाली निवासी शीला देवी हार्ट अटैक आने के बाद स्पर्श अस्पताल भिलाई में भर्ती कराया गया था। मरीज की स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रायपुर रामकृष्ण अस्पताल ले जाने



की सलाह दी। मामले की संवेदनशीलता एवं समय की गंभीरता को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा तुरंत रूट क्लियरेंस करते हुए ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया। मार्ग में तैनात ट्रैफिक बल द्वारा समन्वय बनाकर सिग्नल क्लियर कराए गए। अन्य वाहनों को नियंत्रित करते हुए एम्बुलेंस को निर्बाध मार्ग

▪ 67 वर्षीय महिला को पड़ा था दिल का दौरा

उपलब्ध कराया गया। मरीज को सुरक्षित रूप से रामकृष्ण अस्पताल रायपुर पहुंचाया गया। जहां उपचार जारी है। कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस अनुशासित ट्रैफिक प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## महिला ने स्वयं को लगाई आग गंभीर अवस्था में पहुंची अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला ने अपने शरीर को आग लगाने का मामला सामने आया है। गंभीर अवस्था में महिला को जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। जहां से उसे रायपुर रेफर किया गया है। घटना दुर्ग सिटी कोतवाली की घटना है। मिली जानकारी के मुताबिक पचरीपारा दुर्ग निवासी शबाना निशा उर्फ रानी किराए के मकान में रहती थी। महिला पचरीपारा वार्ड 28 से कांग्रेस की टिकट से पार्षद चुनाव लड़ चुकी है। महिला के मकान में न्यायालय के आदेश के बाद मकान खाली कराने न्यायालय कर्मी और पुलिस पहुंची थी। उनके सामने ही महिला शबाना ने घटना को अंजाम दिया। घटना में महिला बुरी तरह झुलस गई। खबर है कि शबाना चाहती थी कि उक्त किराए के मकान को जहां रहती थी। उसे जमीन मालिक बेच दे ताकि महिला वहां रह सके। लेकिन मकान मालिक इसके लिए राजी नहीं हुआ। जिला न्यायालय के फैसले के बाद मकान खाली कराने टीम पहुंची। तभी आत्महत्या करने की नीयत से शबाना स्वयं को आग के हवाले कर दिया। महिला 95 प्रतिशत जल चुकी है। उपचार के लिए महिला को रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल दाखिल कराया गया है। जहां खबर लिखे जाने तक गंभीर स्थिति बनी हुई है। मामले में सिविल सर्जन दुर्ग डॉ आशीष मिंज ने बताया कि महिला को अस्पताल उपचार के लिए लाया गया था। महिला बुरी तरह झुलसी हुई थी। गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर किया गया है। मिट्टी तेल की बदबू आ रही थी।

### मालिक मकान नहीं बेचना चाहता था, चल रहा था विवाद

बताया जा रहा है कि शबाना बचपन से फेरूराम के मकान में किराए पर निवासी करती थी। मालिक मकान नहीं बेचना चाहता। ऐसे में दोनों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। जब कोई भी हल नहीं निकला तो मकान मालिक ने जिला न्यायालय में शरण लिया। न्यायालय में मामला जाने के बाद शबाना को हार का मुंह देखना पड़ा। जिसके बाद कब्जा दिलाने के लिए आदेश न्यायालय ने जारी हुआ। गुरुवार की दोपहर मकान में पुलिस और न्यायालय कर्मी खाली कराने पहुंचे। बातचीत के दौरान ही शबाना अचानक घर के भीतर गई और शरीर को आग के हवाले कर दिया। आग लगते ही शबाना मकान के बाहर निकली, जिसे देख पुलिस और न्यायालय कर्मी पीछे हट गए। आसपास के लोगों ने जलती शबाना को चादर की मदद से आग बुझाया। मगर महिला बुरी तरह जल चुकी थी। जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज जारी है।

## ट्रांजेक्शन की रकम को लेकर विवाद, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** ट्रांजेक्शन रकम को लेकर विवाद करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम करगाडीह गिरधर लाल साहू (गजपाल) ने शिकायत किया कि उनकी ग्राम उमरपोटी में गजपाल किराना और कंप्यूटर वर्क की दुकान है। दुकान पर ग्राहक डिजिटल लेन-देन के लिए आते हैं। जिस पर वह प्रति ट्रांजेक्शन 10 रुपए रकम लिया जाता है। 20 जनवरी को देव लाल टंडन का बेटा अपने छोटे भाई के साथ दुकान पहुंचा था। आरोप है कि उन्होंने दुकान में लगे बारकोड से 200 रुपए का ट्रांजेक्शन कराया। जिस पर नियम के मुताबिक 10 रुपए शुल्क की जानकारी दी गई। लेकिन नाराज होकर आरोपी युवक ने गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। 10 रुपए को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि आरोपी काउंटर पर चढ़ गया, विवाद करने लगा।






## खबर संक्षेप



### याद किया मंत्री उदयराम का योगदान

**सेलूद।** पाटन के पूर्व विधायक व मंत्री जी के नाम से जाने जाने वाले स्वर्गीय उदयराम वर्मा की 47 वी पुण्यतिथि उनके मूर्ति स्थल ग्राम सेलुद में मनाई गई। इस अवसर पर ऊनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो को याद किया गया। इस दौरान युवा सरपंच खिलेश मार्कण्डेय ने मूर्ति स्थल पर शेड निर्माण व रखरखाव के लिए घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच खिलेश मार्कण्डेय, पूर्व सरपंच खेम लाल साहू, ग्राम प्रमुख सुरेंद्र बंछोर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा,मनहरण लाल वर्मा, तिलक मढरिया, विजय नायक, अनूप बिजौरा, नरसिंह कश्यप, हेमंत वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, ललित वर्मा, कमला बघेल, निर्मला वर्मा, लता मढरिया, वत्सला नायक, मयंक नायक, चंद्रकला बिजौरा, शशि कश्यप, रमेश कश्यप, रामकुमार वर्मा, पुनिताराम साहू, घनश्याम कश्यप, दिलीप बंछोर, जवाहर साहू व अन्य मौजूद रहे।

### ग्रामीण उतरे क्रिकेट के मुकाबले में



**पाटन।** तेलीगुण्डरा इलेवन क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू ने किया। अध्यक्षता जनपद सदस्य दिनेश साहू ने की। विशेष अतिथि हुलेश्वरी बीरेंद्र साहू सरपंच,दिनेश साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ,मनीष पटेल पूर्व सरपंच,प्राचार्य साहू,ओमप्रकाश साहू और अजय वर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर की। इस दौरान एम आर एफ हिरवानी, रॉकी, योगेश, महेश, सौरभ, देवशंकर, हितेश, ईश्वर, ओमकार, राहुल, भास्कर, कोमल, नेमेश, योगेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## निधन

### सुधा तिवारी



**दुर्ग।** ब्राह्मणपारा दुर्ग निवासी सुधा तिवारी का निधन 23 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे स्व. क्रांति कुमार तिवारी की पत्नी एवं अनुपम प्रसन्ना, श्रृंगार शेखर, सुप्रिया मिश्रा, हर्षिका चतुर्वेदी की मां थीं।

### कुसुम सोंधी



**भिलाई।** इस्पात नगर निवासी सीके सोंधी की पत्नी कुसुम सोंधी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 24 जनवरी को उनके निवास स्थान 5/12 इस्पात नगर से सुबह 11.30 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिये निकलेगी।

### चंद्रा वती सिंह



**भिलाई।** नेहरू नगर (पश्चिम) ब्लॉक 64 ए/3 निवासी चंद्रा वती सिंह 88 वर्ष का निधन 23 जनवरी को गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जनवरी को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शेषनाथ सिंह एवं उमेश चंद्र सिंह की मां थीं।

### केएनपी पिल्लै



**भिलाई।** जुनवानी रोड, सुपेला निवासी केएनपी पिल्लै का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जनवरी को फ्लैट नंबर 306, आनंदपुरम फेज–II, कोहका, जुनवानी रोड, सुपेला, से निकलेगी और रामनगर मुक्ति धाम, भिलाई में अंतिम संस्कार होगा। वे पी. एस. संतोष कुमार एवं संध्या सुरेश के पिता थे।

## गांव-गांव में प्रतिमा स्थापित कर किए विविध कार्यक्रम

# बसंत पंचमी पर हुआ ज्ञान की देवी का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण परेवाडीह (उतई) में बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा जितेन्द्र वर्मा रहे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत महकाखुर्द परेवाडीह अर्चना यादव ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिला महामंत्री दिलीप साहू,डी. मानकर सभापति, जनपद पंचायत पाटन, चन्द्रिका कलिहारी सदस्य, जनपद पंचायत पाटन, त्रिवेणी बंजारे पूर्व सदस्य, जनपद पंचायत पाटन, भुनेश्वर प्रसाद साहू सरपंच, ग्राम पंचायत पतोरा, डुलेश्वर यादव उपसरपंच, ग्राम पंचायत महकाखुर्द और दामिनी यादव अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति उपस्थित रहे। सरस्वती पूजा में मुख्य यजमान राजेश तिवारी एवं पुनीता तिवारी (मोरिद) शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मोर संगी जहुँरिया मानस जस जगराता परिवार, धौराभाठा के कलाकारों ने भक्तिमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। स्वागत भाषण सरपंच अर्चना यादव ने दिया। उन्होंने शासन से स्कूल के अतिरिक्त कक्ष बनाने की मांग रखी। इस अवसर पर बिसहत यादव, ग्राम परेवाडीह एवं महकाखुर्द के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सरस्वती पूजन के उपरांत हुई भक्तिमय प्रस्तुतियां



### पाटन कॉलेज में मनाई बसंत पंचमी



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा किया गया। साथ ही वंदे मातरम के सामूहिक गायन भी हुआ। संस्था की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश निक्की भाले अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन थे। विशिष्ट अतिथि निशा सोनी, केवल देवांगन, नेहा वर्मा, अन्नपूर्णा पटेल एवं बाबा वर्मा भी उपस्थित रहे। जितेंद्र कुमार मंडावी ने देशभक्ति पूर्ण गायन किया।

### बसंत पंचमी पर्व पर हुआ सरस्वती पूजन



**निकुम।** शासकीय प्राथमिक शाला आमटी आबादी पारा में बसंत पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी वासुदेव चौधरी थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत आमटी सरपंच दुर्गा चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि स्कूल समिति अध्यक्ष मान सिंह साहू और जसवंत वर्मा थे। सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा विधिवत पूजा अर्चना कर स्थापित की गई। सरपंच दुर्गा चौधरी ने बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक चेतन दास साहू, पंच जानकी बाई, सावित्री बाई, मोहनलाल और रोमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बसंती पंचमी समारोह में विद्यारंभ संस्कार की शुरूआत



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में माघ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मां सरस्वती की पूजा, दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुई। मुख्य अतिथि प्राचार्य पूरन लाल बारले ने कहा कि मां सरस्वती की कृपा पात्र असाधारण व्यक्तित्व के धनी होते है। इस अवसर पर उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू, कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, प्रीति साहू, धनेश्वरी साहू, सुनीता सेन, शशि यादव, दीपिका साहू, कविता साव, डामिन साहू उपस्थित कार्यक्रम का संचालन दिव्या चंद्राकर ने किया।

### बसंत पंचमी पर न्योता भोज का आयोजन



**उतई।** बसंत पंचमी पर उत्तम हिरवानी व उनके पुत्र राकेश हिरवानी ने सपरिवार ग्राम बोरीगारका, पाऊवारा, बोरीडीह व करगाडीह स्कूलों में उनके परिवार द्वारा स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की पुजा अर्चना कर पांच सौ बच्चों को न्योता भोज कराया। राकेश हिरवानी ने बताया उनके परिवार द्वारा इन सभी स्कूलो में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करवाई गयी है। इस अवसर पर सरपंच मीना यादव, पंच राधिका यादव , सीमा हिरवानी, प्रेमचंद सोनबेर, सिद्धी व रिद्धि हिरवानी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा अधिनियम 2003 के तहत शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम (दुर्ग) डॉ. डी.डी.के. बेलचंदन के आदेशानुसार की गई।

कार्रवाई के दौरान ग्राम विनायकापुर, निकुम, तिरगा, रूदा एवं भोथली में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कई दुकानों में तंबाकू व नशे से संबंधित मादक पदार्थों की बिक्री करते हुए पाया गया, जिस पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

इस संयुक्त कार्रवाई में चंद्रकला ठाकुर, खाद्य निरीक्षक दुर्ग, आर. भूआर्य, बी.एस. भारंगाटो (बीईओ), अनिकेत श्रीवास्तव (साइकोलॉजिस्ट), रणिया साहू (काउंसलर) तथा आरक्षक पवन नबरंगे शामिल रहे। टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से दूर रहें तथा कानून का पालन।

### नितिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पाटन में खुशियां



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन के प्रभारी नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा पाटन मंडल के द्वारा पटाखा एवं मिठाई बाँटकर खुशियाँ मनाई गई। इस अवसर पर पाटन मंडल अध्यक्ष केशव रानी बंछोर, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष निक्की भाले, वि पाटन मंडल के सदस्य हर प्रसाद आडिल, मुक्तूराम साहू, महामंत्री गण एवं समस्त बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### सिल्क इंडिया की प्रदर्शनी को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद, एंट्री फ्री



**भिलाई।** स्टील क्लब, सेक्टर-8 भिलाई में संचालित सिल्क इंडिया की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रदर्शनी की संचालिका तारा के अनुसार इस प्रदर्शनी का आयोजन शहरवासियों के लिए किया गया है ताकि यहां के रहवासी इस प्रदर्शनी में खरीदी का लुत्फ ले सकें। सुबह 11 से रात 9 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं और क्लब में ही पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह भी है। प्रदर्शनी में शामिल होने प्रवेश फ्री है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प, हैंडलूम और हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालिका तारा ने चर्चा के दौरान बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है उन्होंने बताया कि जहां कोलकाता की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है। वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं भिलाई में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, बनारस की सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, लेडिस कुर्ती, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक मुखवास, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग,सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। ठंड के इस मौसम पर सामानों की खरीदी कर, विशेष आकर्षण की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान, ग्राहकों के लिए रखे गए है। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए। यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है।

### बेहतर कार्य करने वाले बैंक मित्रों और समन्वयकों का हुआ सम्मान




**भिलाई।** बैंक ऑफ बड़ौदा दुर्ग क्षेत्र ने बैंक मित्रों के लिए सम्मान समारोह और क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक व्यवसाय विकास भरतकुमार चावड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख अनंत माधव और उप-क्षेत्रीय प्रमुख जय प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले बैंक मित्रों एवं समन्वयकों को सम्मानित किया गया। मार्च-2026 में बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से बैंक मित्रों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाओं, उत्पादों एवं मानदंडों पर विस्तृत चर्चा की गई और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 बैंक मित्र और समन्वयक उपस्थित रहे। इनमें लगभग 80 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता, ग्राहक सेवा सुदृढ़ीकरण और बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग के सौजन्य से पंजाबी पैलेस गणेश मंदिर के सामने सेक्टर 5, भिलाई नगर में कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी 20 जनवरी को शाम 5 बजे से शुभारंभ हुआ है। प्रदर्शनी में छ.ग. राज्य के राष्ट्रपति पुरस्कृत एवं फेब इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों को प्रदायकर्ता बुनकरों द्वारा भारत सरकार के सिल्क बोर्ड से प्रमाणित कोसा साड़ियां, कुर्ती, शर्टिंग, जाकेट, शाल, दुपट्टा, कॉटन वस्त्रों में कॉटन बेडशीट, कॉटन शर्टिंग, टावेल आदि विभिन्न आधुनिक डिजाईनों व बुनकरों द्वारा निर्मित कलाकृति के स्वास्थ्य के अनुकुल वस्त्रों का प्रदर्शन सह 20 प्रतिशत विशेष छूट पर विक्रय किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में रायगढ़, चन्द्रपुर, शक्ति, बलोदाबाजार, जांजगीर चांपा आदि जिलों के 25 बुनकर समितियों द्वारा भाग लिया जाकर भिलाई नगर वासियों के लिए 20 से 26 जनवरी तक कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्रों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जावेगा। नगर वासियों से निवेदन है कि प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर छ.ग. राज्य के बुनकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।

### बसंत पंचमी व सुभाषचंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन




**भिलाई।** वृत्तखंड 10 स्थित श्री शंकरा विद्यालय में शुक्रवार को ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक पर्व बसंत पंचमी तथा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या, बुद्धि एवं विवेक की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्राचार्य ने बसंत पंचमी को ज्ञान, विद्या, कला एवं नवसृजन का पर्व बताते हुए कहा कि सरस्वती पूजा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बौद्धिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, सचिव एस.स्वामीनाथन, कोषाध्यक्ष टी. व्यंकटरमन, प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी. प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

### रामकथा के अंतिम दिन भाव विभोर हुए ग्रामीण



**सेलूद।** महुदा में दस दिवसीय रामकथा के समापन अवसर पर श्रद्धालु गण भावुक हो गए। देवी अंशिका ने रामकथा सुनाई, जिसमें व्यास महाराज द्वारा प्रभु श्री रामचन्द्र की जीवन शैली पर विस्तार से जानकारी दी।अंतिम दिन प्रवचन के उपरांत आरती हुई और रात्रिकालीन भंडारा भोज का आयोजन हुआ। रात्रिकालीन बालोद की राम धुनी की भव्य प्रस्तुति हुई। आयोजनकर्ता मनोज साहू ने आयोजन को सफल बनाने समस्त ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मां परमेश्वरी जयंती पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- थनौंद, विनायकपुर व मचान्दूर में मां परमेश्वरी जयंती आयोजित

बसंत पंचमी के पावन पर्व देवांगन समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी जयंती पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थनौंद, विनायकपुर, मचान्दूर में देवांगन समाज द्वारा मंडल स्तरीय मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी जयंती पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। मां परमेश्वरी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा-अर्चना एवं सेवा भजन किया गया। समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रदान किया। साथ ही समाज के प्रतिभाव छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में माना जाता है राज्य के विकास में समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आगे चंद्राकर ने वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में बसंत पंचमी का विशेष स्थान है। यह पर्व न केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है ।

### मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय, जामुल-भिलाई, में शुक्रवार को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में माँ सरस्वती पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के संचालक डॉ. टी. आर. साहू एवं प्राचार्या-डॉ. अलिपा साहू ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से की। छात्र-छात्राओं ने भजन, कीर्तन से सभी का मन मोह लिए। बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राओं ने खिचड़ी का प्रसाद बनाकर वितरण किया। कार्यक्रम में प्राचार्या-डॉ. अलिपा साहू ने बसंत पंचमी के महत्व को बताते हुवे वाणी, व्यवहार, कर्म को संयमित रखने आह्वान किया।

### हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनी बसंत पंचमी



**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजा बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इन्फ्रास्ट्रक्चर निदेशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्र, अकादमिक कोऑर्डिनेटर वेदप्रकाश बाजपेई एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर हरविंदर कौर संधू द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी पूजा मजूमदार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर ज्ञान, बुद्धि एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती के महत्व को रेखांकित किया गया तथा सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया गया। जो हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की समग्र एवं सर्वांगीण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं।

## मनरेगा पर गांव-गांव में जागरुकता अभियान

# कांग्रेस नेताओं ने मजदूरों से चर्चा की, केंद्र पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत शुक्रवार ग्राम कोनारी, भरदा, अछोटी, चिंगरी, कुथरेल को 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। जहां कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर मनरेगा कानून को समाप्त करने की कथित साजिश का आरोप लगाया और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया।

वक्ताओं ने इस दौरान कहा कि मनरेगा गरीबों और मजदूरों के लिए एक जीवनरेखा है। इसे बचाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा को मजबूत करने और इसके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। अभियान का प्रमुख उद्देश्य रोजगार, मजदूरी और पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों पर जन जागरूकता बढ़ाना है। नेताओं ने बताया कि यह चौपाल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्र देशमुख ने बताया कि इसका सीधा नुकसान गरीब मजदूरों को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना ने ग्रामीण गरीबों और महिलाओं की आजीविका को मजबूती दी और पलायन पर रोक लगाई। मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट कटौती और भुगतान में देरी के जरिए इस योजना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। रहमानी ने मजदूरों से आह्वान किया कि वे अपने हक के लिए संगठित रहें और आवाज उठाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण देवेंद्र देशमुख, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चन्द्रकार, पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख,मंडल अध्यक्ष नंदकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष शिव नारायण दिल्लीवार,हेमंत देशमुख, सरपंच तिरगा,घसिया राम देशमुख, मनोज साहू आदि मौजूद थे।

### मनरेगा बहाली की मांग को लेकर गांव-गांव में चौपाल लगा रहे कांग्रेसी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा की ओर से हिर्री मंडल ग्राम सेवती, लिटिया मंडल ग्राम गाड़ाडीह और बोरी मंडल ग्राम सिलतरा में जन चौपाल लगाकर महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर ग्रामीणों को जागरुक किया गया। इस दौरान दुर्ग जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा महात्मा गांधी का सपना था गांव की अर्थव्यवस्था को सुधारना है तभी देश तरक्की कर पाएगा। इस संदर्भ में डॉक्टर मनमोहन सिंह की सरकार में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना लागू की थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस योजना को पूरी तरह से बंद करने की नियत से कार्य कर रही है क्योंकि दुर्ग जिला में वर्ष 23-24 में 42 लाख मानव दिवस कार्य दिया जाता था उसे घटकर 24- 25 में 32 लाख मानव दिवस किया गया। फिर अभी 25-26 में 18 लाख मानव दिवस कर दिया गया है। दुर्ग जिला के मनरेगा प्रभारी राजेंद्र साहू ने कहा मजदूर तो मजदूर इस सरकार से सभी वर्ग किसान मजदूर युवा सभी परेशान है। कांग्रेस पार्टी ने इस जन चौपाल के माध्यम से मांग की है कि काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी देते हुए मनरेगा में किए गए बदलाव को तत्काल वापसी करते हुए काम के संवैधानिक अधिकारों की पूर्ण बहाली की जाए।

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत को किया सम्मानित





**भिलाई।** बसंत पंचमी के अवसर पर दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका द्वारा आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाओं के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रजनी बघेल थी। विद्यालय के प्राचार्य जेपी घनघोरकर ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद अहम है। उनका योगदान समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पूर्व जिला अध्यक्ष और पार्षद महेश वर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास सराहनीय है। भाजयुमो प्रदेश प्रमुख आईटी अमित मिश्रा ने कहा कि बसंत पंचमी प्रकृति में नई ऊर्जा और उल्लास का प्रतीक है। यह पर्व ज्ञान, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच का संदेश देता है। हरिभूमि के ब्यूरो प्रमुख संदीप उपाध्याय ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं, जो आज के समय में बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं योमेश्वरी साहू, मीरा साहू, उत्तरा सहारे, रागिनी वर्मा, सरस्वती नागेश्वर, माधुरी वर्मा, मीना जंघेल, संतोषी साहू, पंचशीला मेश्राम और कुमलेश्वरी जंघेल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, दिव्य भसीन, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक महेंद्र शर्मा, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ डॉ. संदीप उपाध्याय, समाजसेवी कन्हैया सोनी, शारदा गुप्ता, शिक्षक आशीष गल पाण्डेय, मंदिर समिति के विनय गणेशे सहित विद्यालय प्रबंधन से माधुरी वर्मा, ममता पाण्डेय, अन्नपूर्णा मैडम, अनीता शर्मा, रोहिणी जंघेल, चित्ररेखा साहू, तिलेश्वरी साहू, गिरजा जंघेल, जागेश्वरी वर्मा, मंजुलता जंघेल और विद्या देवांगन उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### नेताजी की 129वीं जयंती पर निकली गई प्रभात फेरी, शहर में गूंजे देशभक्ति के नारे



**भिलाई।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर भिलाई बंगाली समाज द्वारा शुक्रवार को भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी में समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए और देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। प्रभात फेरी के माध्यम से भिलाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया।

23 जनवरी को भिलाई बंगाली समाज बीबीएस के तत्वावधान में प्रभात फेरी की शुरुआत बीएसपी आदर्श स्कूल, सेक्टर-7 से की गई। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भ्रमण पर निकली और इसका समापन नेहरू कल्चरल हाउस, सेक्टर-1 में हुआ। समापन स्थल पर मिलन संघ सेक्टर-1 के पदाधिकारियों द्वारा प्रभात फेरी में शामिल सभी लोगों का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी के दौरान भारत माता की जय और नेताजी अमर रहे जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। रैली के साथ चल रही ट्रक ट्रॉली में देबाशीष विश्वास, मीता राय, भास्मोती बोस, शुभोमिता सेन, पूजा भट्टाचार्य और सीमा दे द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देशभक्ति से जुड़े गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसे लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान समाज के संरक्षक मानव सेन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन राष्ट्रप्रेम, साहस और बलिदान की प्रेरणा है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में समाज के पदाधिकारियों ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डीके दत्ता, सुबिर रॉय, सुबिर भट्टाचाय, पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता, शुभाशीष डे सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद थे।

### सेल गौरव दिवस के अवसर पर भिलाई में मेगा म्यूजिकल नाइट का आयोजन आज

**भिलाई।** सेल-बीएसपी द्वारा कंपनी स्थापना सेल गौरव दिवस के अवसर पर भिलाई में एक सांस्कृतिक संध्या साधना सरगम नाइट का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। यह आयोजन संयंत्र की समृद्ध विरासत, सामूहिक उपलब्धियों और इस्पात परिवार की एकता के उत्सव के रूप में आयोजित किया जायेगा। इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिक सहित बीएसपी के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संयंत्र की स्थापना और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल होंगे। इस आयोजन में वर्तमान और पूर्व अधिकारियों की सहभागिता सेल गौरव दिवस की मूल भावना को साकार करेगी। कार्यक्रम में भारतीय संगीत जगत की पार्श्व गायिका साधना सरगम अपनी 25 सदस्यीय पेशेवर टीम के साथ शाम 7 बजे से प्रस्तुति देंगी। लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले गीतों के लिए आयोजन स्थल पर विशेष एकॉस्टिक्स और साउंड की व्यवस्था की गई है।

---

**बसंत पंचमी पर सभी कालीबाड़ी, शैक्षणिक संस्थानों व सोसायटी में की गई माता सरस्वती की पूजा-अर्चना**

# मां सरस्वती की पूजा कर निभाई हाथेखोड़ी परंपरा, हिंदू संगठित और महिला सुरक्षा का संदेश देने के लिए किया गया सामूहिक शंखनाद

**भिलाई। वीणा, वर मुद्रा, दोनों हाथों में पुस्तक एवं माला से सुसज्जित माता सरस्वती की अराधना का पर्व बसंत पंचमी सभी स्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ट्विनसिटी के सभी कालीबाड़ी मंदिरों में बंगाली समुदायों ने माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर पुष्पाजंली दी गई। छोटे बच्चों को पंडितों द्वारा हाथेखोड़ी की परंपरा निभाई गई। जिसमें छोटे बच्चों को अक्षराभ्यास कराया गया। जिसके बाद खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण एक साथ दोपहर साढ़े 12 बजे सभी कालीबाड़ियों में हिंदूओं को संगठित करने और महिलाओं की सुरक्षा का संदेश देने महिलाओं द्वारा सामूहिक रुप से शंखनाद किया गया। यह आयोजन सेक्टर 6, वैशाली नगर, शांति नगर, हुडको, दुर्ग सहित दर्जन भर कालीबाड़ी में एक साथ किया गया।**

### कालीबाड़ी में दूसरी पीढ़ी संभाल रही जिम्मेदारी, तीसरी हो रही तैयार

इसी तरह वैशाली नगर कालीबाड़ी में 11 बजे पंडितों ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ उपस्थित मक्तों को पुष्पाजंली दिलाकर अपनी 49 सालों से चली आ रही हाथेखोड़ी परंपरा का निर्वहन किया। कालीबाड़ी के जनरल सेक्रेटरी विमन दास ने बताया कि वैशाली नगर के इस मंदिर को लगभग 50 वर्ष पूरे होने को है। यह मंदिर हमारे पिता और उनके दोस्तों द्वारा बनाया गया था उनके बाद अब इस कमेंटी को हम लोगो द्वारा संचालित किया जा रहा है, अब हमारे बच्चे भी इस कार्य में हाथ बटाने लगे है। बंगाली परंपरा को जीवित रखने इस कालीबाड़ी की हम दूसरी और अब इस मंदिर को आगे बढ़ाने तीसरी पीढ़ी मजबूती से तैयार हो रही है। बसंत पंचमी के अवसर पर बंगाली समुदाय के साथ काफी संख्या में अन्य समाज के लोगों ने मंदिर में अपने बच्चों को अक्षराभ्यास कराया। जिसके बाद खिचड़ी का भोग वितरित किया गया।





### निभाई हाथेखोड़ी की परंपरा

सेक्टर 6 कालीबाड़ी मंदिर में परंपरानुसार पिछले 62 सालों से छोटे बच्चों को अक्षराभ्यास कराने हाथेखोड़ी की रस्म मंदिर के पंडित द्वारा संपन्न कराई गई। जिसके बाद उपस्थित सैकड़ों भक्तों को खिचड़ी व सब्जी का भोग वितरित किया गया।

### परमेश्वरी मंदिर में हुई विशेष पूजा और आरती, महोत्सव की हुई शुरुआत



**भिलाई।** बसंत पंचमी के अवसर पर परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली, भिलाई में सुबह देवांगन समाज की ईष्ट देवी माता परमेश्वरी एवं माता सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना और सामूहिक आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने बताया कि देवांगन समाज की कुलदेवी माता परमेश्वरी का अवतरण दिवस बसंत पंचमी को पूरे समुदाय में श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर मनाया जाता है। इसी दिन से पूरे एक माह तक चलने वाले परमेश्वरी महोत्सव की शुरुआत होती है। देवांगन समाज में प्रदेश, जिला, ब्लाक, मंडल एवं ग्राम इकाई पर समारोह का आयोजन कर माता परमेश्वरी की शोभा यात्रा, हवन पूजा, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक तथा सम्मान समारोह आदि कार्यक्रम संपन्न किए जायेंगे। इस अवसर पर देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद एवं आदि माता हरिणी का स्मरण कर उनका जयकारा लगाया गया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष टेसू राम देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, सत्यपाल देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, रामगोपाल देवांगन, जयश्री देवांगन, कल्पना रुपलाल देवांगन, रामानंद देवांगन, श्रवण देवांगन, होमलाल सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बीएम कॉलेज में मनाई गई बसंत पंचमी

बी. एम. कॉलेज कोलिहापुरी पुलगांव दुर्ग मे बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल और पुष्प अर्पण कर किया गया। महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव और एम. एल. साव, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती एवं पुस्तकों का विधि विधान से पूजा की गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर ने कहा कि बसंत पंचमी वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और हिंदू धर्म में ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी सरस्वती को सम्मान देने का उत्सव है। यह विद्यार्थियों, कलाकारों और विद्वानों के लिए एक शुभ दिन है, जो बुद्धि और रचनात्मकता के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं। जिसके बाद सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रसाद वितरण किया गया।



### पीले वस्त्रों में कॉलेज पहुंचे छात्र और स्टाफ

भिलाई। बसंत पंचमी के मौके पर रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (रूंगटा आर-1) में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। मां सरस्वती की वंदना हुई। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, कुलपति डॉ जवाहर सूरीशेट्टी और सीईओ सोनल रूंगटा भी पूजा में शामिल हुए और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। कॉलेज का स्टाफ सफेद और पीले रंग के वस्त्र पहनकर पहुंचा। मां सरस्वती को पीले रंग के फूल और पीले पकवानों का भोग अर्पित किया गया। छात्रों और फैकल्टी ने रंगोली सजाई। भजन के जरिए मां सरस्वती की महानता का वर्णन किया गया। इसके साथ ही लाइब्रेरी में मानवीय मूल्यों एवं आध्यात्मिक पुरस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पूजा में डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आशीष पनत, डॉ. महेंद्र श्रीवास्तव, डायरेक्टर डॉ. नीमा एस बालन, डीन ईसीएस डॉ. सत्यधर्म भारती सहित सभी फैकल्टी मौजूद रहे।





### बसंत उत्सव में पीले रंग की दिखी बहार

बसंत पंचमी के अवसर पर जहां सभी स्थानों में पूजन का आयोजन किया गया, तो वहीं सभी पीले रंग के वस्त्रों को धारण कर बसंत ऋतु का स्वागत किया। सभी कालीबाड़ी मंदिरों व स्कूलों में बड़ों से लेकर नहीं बच्चियों ने भी पीली साड़ी पहनी थी तो वहीं पुरुषों ने पीला धोती कुर्ता पहनकर पूजा में शामिल रहे।



---

**महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय सेक्टर-6 का वार्षिक स्पोर्ट्स डे जोश और उमंग के साथ संपन्न**

# स्पोर्ट्स डे में दिखा खेल, अनुशासन और उत्साह का संगम

## पेरेन्ट्स और शिक्षकों के गेम्स रहे आकर्षण का केन्द्र

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय सेक्टर-6 का वार्षिक स्पोर्ट्स डे स्कूल मैदान में बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासित और आकर्षक मार्च पास्ट से हुई। मार्च पास्ट के बाद दौड़, कबड्डी, स्लो साइकिलिंग, भाला फेंक और जलेबी दौड़ जैसे विभिन्न खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का विशेष आकर्षण बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों के लिए आयोजित दौड़ और मनोरंजक गेम्स रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवनी भूषण पुरंग और विशेष अतिथि रवि आर्य के साथ ही आर्य समाज के सदस्य प्रवीण गुप्ता और कमलेश आर्य उपस्थित रहे।





### खेलों को बनाएं जीवन का अभिन्न हिस्सा

इस दौरान मुख्य अतिथि अवनी भूषण पुरंग ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को नहीं बढ़ाते, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और खेल बच्चों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।

### यह रहे विजेता

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने मार्च पास्ट, दौड़, कबड्डी, स्लो साइकिलिंग, भाला फेंक एवं जलेबी दौड़ जैसे विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष आकर्षण के रूप में माता-पिता एवं शिक्षकों के लिए भी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़े उत्साह से सहभागिता निभाई। स्लो साइकिलिंग प्रतियोगिता में शिवांश, शिवा एवं वरशित विजेता रहे, जबकि जलेबी दौड़ कक्षा 1 में आरुष महतो, श्रीधर एवं ऋषभ ने सफलता हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में दयानंद सदन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अंजू ठाकुर द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन के. राजी ने किया।


Visit to avail EXCITING Offers
An
EXHIBITION &
SALE
of
ALL NEW
MAGNIFICENT
JEWELS
23rd-24th-25th
JANUARY 2026
10:00 am onwards
at
पुलगांव चौक, दुर्ग
नए साल का करें
शुभारंभ
नए गहनों के साथ
SUMEET
JEWELLERS
हम गढ़ते हैं विश्वास
RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON | KORBA


SHREE SHIVAM'S
4 DAY
REPUBLIC DAY
MEGA
OFFER
23RD TO 26TH JANUARY
FLAT 50% OFF
CRIMSOUNE CLUB
madame
ARROW USA·1851
BLACKBERRYS
FLYING MACHINE
IZOD
Levi's
LINEN CLUB
MONTE CARLO
MUFTI
PONTIAC
RARE RABBIT
spykar
THE COLLECTION
WHITE HANGER
UP TO 50% OFF
CRIMSOUNE CLUB JUNIOR
GINI & JONY
KILLER JUNIOR
mini KLUB
आम्रपाली चूरू
SHLOK
aurelia
WISHFUL
KAZO
RAREISM
VERO MODA
CK Calvin Klein Jeans
GAS
INDIAN TERRAIN
JACK & JONES
Pepe Jeans LONDON
PUMA
TOMMY HILFIGER
UNITED COLORS OF BENETTON.
U.S. POLO ASSN. SINCE 1890 KIDS
AND KIDS WEAR
UP TO 40% OFF
SWEET DREAMS
ColorPlus
LP LOUIS PHILIPPE
ROOKIES
VAN HEUSEN
REPUBLIC DAY
MEGA DEALS
SAREE • KURTI • LAHENGA • EVENING GOWN
• INDO-WESTERN • READYMADE SUITS & KIDS WEAR
ON SELECTED ARTICLES
*T&C Apply
रायपुर: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी रोड
बिलासपुर: अग्रसेन चौक, लिंक रोड
दुर्ग: संतरा बड़ी, स्टेशन रोड
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
रायपुर • बिलासपुर • दुर्ग • नागपुर • भोपाल • जबलपुर • छिंदवाड़ा
Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555
Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE